संख्या-35/2015/वे0आ0-2-692/दस-2015-8(मु0स0स0)/2011 टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
सचिवालय प्रशासन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 **लखनऊः दिनांकः 22 जुलाई, 2015**

विषयः-- उत्तर प्रदेश सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी-4 (ग्रेड वेतन रु0 8700/-) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव (ग्रेड वेतन रु0 8900/-) के 04 अतिरिक्त पदों के सृजन से सम्बन्धित प्रकरण पर मुख्य सचिव समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी-4 (ग्रेड वेतन रू0 8700/-) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव (ग्रेड वेतन रू0 8900/-) के 04 अतिरिक्त पदो के सृजन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव समिति की दिनांक 09 जुलाई, 2015 को सम्पन्न हुई बैठक में विचार किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये:--

(i) उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी-4 (वेतन बैण्ड-4 रू0 37400-67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8700/-) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव (वेतन बैण्ड-4 रू0 37400-67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900/-) के 04 पदों को इस प्रतिबन्ध के अधीन सृजित किया जाय कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी-1 (ग्रेड वेतन रू0 5400/-) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा।

(ii) उपर्युक्त पुनर्गठन के फलस्वरूप निजी सचिव संवर्ग में पदों का ढ़ाँचा निम्नानुसार हो जायेगा:-

क्र0 सं0	**पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन**	**पदों की संख्या**
(1)	**(2)**	**(3)**
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड-4 रू0 37400-67000/	09

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	ग्रेड वेतन रू0 8900/-	
2	निजी सचिव श्रेणी-4, वेतन बैण्ड-4 रू0 37400-67000/ ग्रेड वेतन रू0 8700/-	28
3	निजी सचिव श्रेणी-3,वेतन बैण्ड-3 रू0 15600-39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600/-	42
4	निजी सचिव श्रेणी-2, वेतन बैण्ड-3 रू0 15600-39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600/-	82
5	निजी सचिव श्रेणी-1, वेतन बैण्ड-3 रू0 15600-39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400/-	257
6	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 /ग्रेड वेतन रू0 4800/-	730
	कुल	**1148**

2- मुख्य सचिव समिति के बैठक का कार्यवृत तथा लिये गये निर्णय से सम्बन्धित पत्रावली के उद्धरण आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर भेजते हुए आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में जारी होने वाली शासनादेश की एक प्रति यथा समय वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:-- उपरोक्तानुसार। **भवदीय,**

अजय अग्रवाल
सचिव।

संख्या-35/2015/वे0आ0-2-692(1) /दस-2015-8(मु0स0स0)/2011 टी0सी0

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:--

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1

(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,

रमेश कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

मुख्य सचिव समिति की दिनांक 09 जुलाई, 2015 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न मुख्य सचिव समिति की उपर्युक्त बैठक में निम्न अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया:–

(1) श्री राहुल भटनागर, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग– सदस्य।
(2) श्री राजीव कुमार, प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग– सदस्य।
(3) श्री प्रभात मित्तल, सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग–सदस्य।
(4) श्री अजय अग्रवाल, सचिव, वित्त विभाग– सदस्य–सचिव।

2. निर्धारित कार्य बिन्दु के अनुसार निम्नलिखित विचारणीय विषयों को समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया:–

(क) उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु निजी सचिव श्रेणी–4 (ग्रेड वेतन रू0 8700) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव (ग्रेड वेतन रू0 8900) के 04 अतिरिक्त पदों का सृजन।

(ख) उ0प्र0 सचिवालय के विधान भवन रक्षक संवर्ग के पदों पर वर्तमान में अनुमन्य ग्रेड वेतन रू0 2000 के स्थान पर ग्रेड वेतन रू0 2400 अनुमन्य कराया जाना।

(क) उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु निजी सचिव श्रेणी–4 (ग्रेड वेतन रू0 8700) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव (ग्रेड वेतन रू0 8900) के 04 अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव–

1. उपर्युक्त संदर्भित विषय के सम्बन्ध में समिति को निम्नानुसार अवगत कराया गया:–

(1) सचिवालय सेवा संवर्ग एवं निजी सचिव संवर्ग के ढ़ाँचें में उपलब्ध पदों एवं उनका प्रथम स्तर के पदों के सापेक्ष प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण निम्नवत् है:–

क्रम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	पदों की संख्या	अपर निजी सचिव के सापेक्ष प्रतिशत	सचिवालय सेवा संवर्ग में उपलब्ध पदों की संख्या	समीक्षा अधिकारी के पदों के सापेक्ष प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
1	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800/ग्रेड वेतन रू0 4800	671+ 75 =746	—	समीक्षा अधिकरी 1719	—
2	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0	257	34.45	अनुभाग अधिकारी	21.81

	15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400			375	
3	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	82	10.99	अनुसचिव 158	9.19
4	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	42	5.60	उपसचिव 84	4.88
5	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ग्रेड वेतन रू0 8700	16	2.10	संयुक्त सचिव 80	4.65
6	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	05	0.67	विशेष सचिव 35	2.03
	कुल	**1148**			

(2) सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा निजी सचिव संवर्ग में सचिवालय सेवा में पदोन्नति के अवसरों में समानता हेतु निजी सचिव श्रेणी–4 एवं प्रधान निजी सचिव कमशः 12 एवं 04 नये पदों के सृजन हेतु निम्नलिखित दो विकल्प प्रस्तुत किये गये:–

(1) प्रथम विकल्प के रूप में केवल 05 अपर निजी सचिव के पदों को आस्थगित करते हुए उपरोक्तानुसार निजी सचिव श्रेणी–4 एवं प्रधान निजी सचिव कमशः 12 एवं 04 नये पदों को सृजित किये जायें।

(2) द्वितीय विकल्प के रूप में अपर निजी सचिव के 16 पद आस्थगित रखते हुए उपरोक्तानुसार निजी सचिव श्रेणी–4 एवं प्रधान निजी सचिव कमशः 12 एवं 04 नये पदों को सृजित किये जाय।

(3) मुख्य सचिव समिति की बैठक दिनांक 07 अक्टूबर 2013 में दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के अनुसार सचिवालय प्रशासन अनुभाग–2 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08 नवम्बर 2013 द्वारा निजी सचिव संवर्ग के पदों का पुनर्गठन निम्नानुसार किया गया था:–

क्रम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	वर्तमान में स्वीकृत पद	पुनर्गठन के उपरान्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	03	05
2	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0	12	16

	37400–67000/ग्रेड वेतन रू0 8700		
3	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	36	42
4	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	72	82
5	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400	253	257
6	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800/ग्रेड वेतन रू0 4800	697	671
	कुल	**1073**	**1073**

(4) इसके उपरान्त मुख्य सचिव समिति की दिनांक 18 मार्च 2015 को सम्पन्न बैठक में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के आधार पर सचिवालय प्रशासन अनुभाग–2 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 मई 2015 द्वारा निजी सचिव संवर्ग में अपर निजी सचिव वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4800 में 75 पदों का सृजन किया गया है। उपर्युक्त के फलस्वरूप उ0प्र0 सचिवालय में निजी सचिव/अपर निजी सचिव संवर्ग में उपलब्ध पदों का ढ़ॉचा निम्नानुसार हो गया है:–

क्रम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	शासनादेश दिनांक 08 नवम्बर 2013 द्वारा किये गये पुनर्गठन के उपरान्त स्वीकृत पद	कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 मई 2015 के उपरान्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	05	05
2	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ग्रेड वेतन रू0 8700	16	16
3	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	42	42
4	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	82	82
5	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400	257	257
6	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800/ग्रेड वेतन रू0 4800	671	746
	कुल	**1073**	**1148**

(5) उ0प्र0 सचिवालय सेवा में मुख्य सचिव समिति की संस्तुतियों पर सचिवालय प्रशासन अनुभाग–1 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 09 अप्रैल 2015 द्वारा विशेष सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 में 10 पद एवं संयुक्त सचिव ग्रेड

वेतन रू0 8700 में 16 पद इस शर्त के अधीन सृजित किये गये थे कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय सेवा में अनुभाग अधिकारी से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा।

2. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में समिति द्वारा निम्नानुसार विचार किया गया:-

(1) उपरोक्त उल्लिखित स्थिति से स्पष्ट है कि निजी सचिव संवर्ग के निजी सचिव श्रेणी-1, निजी सचिव श्रेणी-2 एवं निजी सचिव श्रेणी-3 तक के पदों का, प्रथम स्तर अपर निजी सचिव के पदों के सापेक्ष प्रतिशत क्रमशः 34.45, 10.99 एवं 5.6 है, जबकि सचिवालय सेवा संवर्ग में समान ग्रेड वेतन के पदों के लिये अनुभाग अधिकारी, अनुसचिव एवं उपसचिव के पदों का, प्रथम स्तर के पद समीक्षा अधिकारी के पदों से प्रतिशत क्रमशः 21.81, 9.19 एवं 4.88 है। यद्यपि निजी सचिव संवर्ग में पदोन्नति के अवसर सचिवालय सेवा के समान रखे जायें, इस आशय का कोई नीतिगत निर्णय नहीं है, परन्तु उक्त से स्पष्ट है कि इस स्तर तक के पदों में पदोन्नति के अवसर सचिवालय सेवा संवर्ग के सापेक्ष अधिक हैं। पॉचवें एवं छठे स्तर के पद निजी सचिव श्रेणी-4 एवं प्रधान निजी सचिव के लिये प्रथम स्तर के पद के सापेक्ष प्रतिशत क्रमशः 2.10 एवं 0.67 है, जबकि सचिवालय सेवा के समकक्ष स्तर के पदों संयुक्त सचिव एवं विशेष सचिव के लिये प्रथम स्तर के पद के सापेक्ष प्रतिशत क्रमशः 4.65 एवं 2.03 है।

(2) मुख्य सचिव समिति की संस्तुतियों पर सचिवालय प्रशासन अनुभाग-1 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 09 अप्रैल 2015 द्वारा उ0प्र0 सचिवालय सेवा संवर्ग में विशेष सचिव एवं संयुक्त सचिव के क्रमशः 10 एवं 16 पदों का सृजन इस शर्त के अधीन किया गया था कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय सेवा में अनुभाग अधिकारी से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा।

(3) निजी सचिव संवर्ग के पदों की श्रृंखला में द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्तर के पदों का सृजन कार्यात्मक आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है और इनमें परिवर्तन से शासकीय कार्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उक्त के दृष्टिगत वर्तमान में विद्यमान पदों की संख्या में परिवर्तन किये जाने का अवसर नहीं बनता है।

(4) निजी सचिव संवर्ग के पदों की श्रृंखला में पॉचवें एवं छठे स्तर के पदों का प्रथम स्तर के पदों से प्रतिशत सचिवालय सेवा के समान वेतनमान के पदों के लिये उपलब्ध प्रतिशत से कम है। इसके फलस्वरूप निजी सचिव संवर्ग में पॉचवें एवं छठे स्तर के पदों पर पदोन्नति का अवसर सचिवालय सेवा के पदों से कम है। सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रस्तावानुसार निजी सचिव श्रेणी-4 के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव के 04 पदों की अभिवृद्धि किये जाने के

बावजूद इन पदों के लिये पदोन्नति का अवसर सचिवालय सेवा के पदों से कम ही बनता है। अतः सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार अपर निजी सचिव के 16 पदों को समाप्त करते हुए निजी सचिव श्रेणी–4 के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव के 04 पदों को सृजित किये जाने का औचित्य इस प्रतिबन्ध के अधीन बनता है कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–1 (ग्रेड वेतन रू0 5400) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने पर का अवसार बनेगा।

समिति की संस्तुतियॉं

3. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में समिति की संस्तुतियॉं निम्नवत् हैं:–

(1) उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–4 (वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8700) के 12 पद एवं प्रधान निजी सचिव(वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900) के 04 पदों को इस प्रतिबन्ध के अधीन सृजित किया जाय कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–1 (ग्रेड वेतन रू0 5400) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा।

(2) उपर्युक्त पुनर्गठन के फलस्वरूप निजी सचिव संवर्ग में पदों का ढॉंचा निम्नानुसार हो जायेगा:–

क्रम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	पदों की संख्या
1	2	4
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	09
2	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ग्रेड वेतन रू0 8700	28
3	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	42
4	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	82
5	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400	257
6	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800/ग्रेड वेतन रू0 4800	730
	कुल	1148

(ख) उ0प्र0 सचिवालय के विधान भवन रक्षक संवर्ग के पदों पर वर्तमान में अनुमन्य ग्रेड वेतन रू0 2000 के स्थान पर ग्रेड वेतन रू0 2400 अनुमन्य कराये जाने का विषय।

समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किये गये उपर्युक्त विषय पर सम्यक्

विचारोपरान्त यह मत स्थिर किया गया कि सचिवालय प्रशासन विभाग उ0प्र0 सचिवालय सुरक्षा दल के कार्मिकों एवं पुलिस विभाग के कार्मिकों तथा वी0आई0पी0 ड्यिूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को मिल रहे भत्तों एवं सुविधाओं एवं उक्त पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित अर्हता/शारीरिक मानक/अन्य अर्हताओं का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए संशोधित प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत करें, जिसे परीक्षणोपरान्त मुख्य समिति की आगामी किसी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत कर निर्णय कराया जाय।

(राहुल भटनागर)
सदस्य।

(राजीव कुमार)
सदस्य।

(प्रभात मित्तल)
सदस्य

(अजय अग्रवाल)
सदस्य–सचिव।

(आलोक रंजन)
अध्यक्ष।

दिनांकः 09 जुलाई, 2015 ।